# शालीमार पेंट्स ने नक्षत्र प्रोडक्ट्स लाइन में इनोवेटिव सॉल्यूशंस के साथ किया विस्तार



कोलकाता, 1 जुलाई, 2024: भारतीय पेंट्स इंडस्ट्री में अग्रणी और पिछले 120 वर्षों से सक्रिय शालीमार पेंट्स लिमिटेड ने कोलकाता में आयोजित शानदार समारोह में अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट नक्षत्र की कामयाबी का जश्न मनाया और साथ ही, कई नवाचारी (इनोवेटिव) प्रोडक्ट्स पेश कर पोर्टफोलियो में भी विस्तार किया है। इस इवेंट में खासतौर से नक्षत्र 5-इन-1 सुपर प्रीमियम इंटीरियर इमल्शन की जबर्दस्त सफलता का जश्न मनाते हुए, नक्षत्र सुपर प्रीमियम एक्सटीरियर इमल्शन तथा नक्षत्र इंटीरियर एक्सटीरियर का लॉन्च किया गया।

शालीमार पेंट्स ने अपने कैंपेन अपग्रेड किया क्या के तहत इन नए प्रोडक्ट्स को पेश किया है। उल्लेखनीय है कि यह कैम्पेन ग्राहकों को उन्नत टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से तैयार पेंट्स से अपने घरों की शोभा बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। शालीमार पेंट्स ने अपनी जोरदार रिसर्च एवं डेवलपमेंट क्षमताओं का लाभ उठाकर इन इनोवेटिव प्रोडक्ट्स को लॉन्च किया है।

श्री कुलदीप रैना, डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, शालीमार पेंट्स ने कहा, यह इवेंट वास्तव में, नवाचार और उत्कृष्टता हासिल करने के शालीमार पेंट्स के अथक प्रयासों का सबूत है। हम अपने नक्षत्र सुपर प्रीमियम इंटीरियर इमल्शन की कामयाबी से बेहद खुश हैं, यह बाजार में आने के एक साल के अंदर ही ग्राहकों का मनपसंद बन गया है।

शालीमार पेंट्स ने इलास्टोमेरिक और फाइबर रीइन्फोर्समेंट गुणों के साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से तैयार वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशंस का एडवांस कलेक्शन भी पेश किया है। इनमें दरारों को भरने की जबर्दस्त क्षमता है और ये मामूली दरारों को भी कुशलतापूर्वक भरने में कारगर है जिससे पानी का रिसाव रुकता है और स्ट्रक्चर को भी नुकसान नहीं पहुंचता। कंपनी के जीरो डैम्प एडवांस तथा जीरो डैम्प स्मार्ट जैसे प्रोडक्ट्स से टिकाऊपन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। ये प्रोडक्ट्स रिसाव से दोहरा बचाव करते हैं और उन घरों के लिए उपयुक्त हैं जो अधिक नमी या भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में हैं। इसके अलावा, शालीमार पेंट्स की विस्तृत रेंज में मेलामाइन, एनसी लैकर, सीलर तथा 1K पीयू फिनिश जैसी वुड कोटिंग रेंज भी शामिल है, जो लकड़ी से तैयार आइटम्स को सुरक्षित रखने और उनमें निखार लाने की ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। ये उत्पाद वुडन आइटम्स को आकर्षक बनाने के साथ-साथ उन्हें जबर्दस्त सुरक्षा भी देते हैं। साथ ही, आपका वुडन खजाना लंबे समय तक आकर्षक तथा सुरक्षित बना रहता है।

उन्होंने कहा, हम नई पेशकश लाते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं जो कि ग्राहकों की अपेक्षाओं की कसौटियों पर खरा उतरने वाले बेहतरीन प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। ये इनोवेटिव प्रोडक्ट उन्नत रिसर्च का नतीजा हैं और ग्राहकों को इनसे लंबे समय के लिए वॉल एस्थेटिक्स का भरोसा मिलता है। इनको